चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/ 242
दिनांक : 16.12.2006

सचिव,
विश्वसैरेया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी,
गाजियाबाद-बुलन्दशहर रोड, जी0टी0 रोड,
दादरी (गाजियाबाद)

महोदय,

माननीय कुलाधिपति सचिवालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या-1799/जी.एस. दिनांक 05.10.2006 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कुलाधिपति महोदय ने आपके संस्थान को उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा-37(2) के अधीन **विश्वसैरेया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, गाजियाबाद-बुलन्दशहर रोड, जी0टी0 रोड, दादरी (गाजियाबाद)** को स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के बी0एड0 पाठ्यक्रम में **शिक्षण सत्र 2005-2006 (दिनांक 01.07.2005) से सम्बद्धता की निरन्तरता बनाये रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है** तथा संस्था को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में संस्था द्वारा विश्वविद्यालय/शासन तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा सम्बद्धता हेतु समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सम्बद्धता हेतु निर्धारित समस्त शर्तों एवं मानकों की पूर्णता एवं निरन्तरता सुनिश्चित की जायेगी अन्यथा संस्था के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त संदर्भ में कुलपति जी के आदेशानुसार आपके संस्थान को बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2005-2006 से कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में उपरोक्त शर्तों के अधीन सम्बद्धता प्रदान की जाती है तथा निर्देश दिया जाता है कि संदर्भित पाठ्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय/राजभवन के निर्देशों के अन्तर्गत ही किये जायेंगें।

भवदीय,

(एस0सी0 गुप्ता)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, उच्च शिक्षा, अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. संकायाध्यक्ष शिक्षा विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
3. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. सहायक कुलसचिव (लेखा) को सूचनार्थ ।
5. प्रभारी, कमैटी सैल, चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय को आगामी कार्यपरिषद की बैठक के अनुमोदनार्थ।
6. प्रभारी, स्टोर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्रभारी, गोपनीय (प्रोफेशनल) सैल, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

(एस0सी0 गुप्ता)
कुलसचिव